पत्रांक : 29/-09.11.2020 (परि० न्याय०) मुरादाबाद

प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय मुरादाबाद

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्रांक सं07268/ एडमिन'जी–1'/2020 इलाहाबाद दिनांकित 2.9.2020 के अनुपालन में परिवार न्यायालय में परामर्शदाता की नियुक्ति की जानी है जिसके संबंध में शासनादेश सं0 102/सात–न्याय–2–2015–728/86 दिनांकित 18.6.2015 के द्वारा निम्न अर्हता प्राप्त व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है–

1. आवेदक उसी जिले से संबंधित हो जहां पर पारिवारिक न्यायालय स्थित हो, उसे वरीयता दी जायेगी ।
2. आवेदक समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में स्नातक की डिग्री रखता हो और समाज सेवा में अनुभवी हो । जो आवेदक सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्रीधारक हो और पारिवारिक काउन्सिलिंग में दो वर्ष का अनुभव रखता हो उसे वरीयता दी जायेगी ।
3. आवेदक की आयु आवेदनपत्र प्रस्तुत करने की दिनांक को 35 वर्ष से 65 वर्ष के मध्य हो ।
4. परामर्शदाता का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा ।
5. परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नही मानी जायेगी और वे न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध होगे ।
6. नियुक्त परामर्शदाता को शासनादेश के अनुसार नियत मानदेय देय होगा ।

क्रम संख्या	जिला	पदो की संख्या
1	मुरादाबाद	1

जो पुरूष अथवा महिला इस पद पर नियुक्त होने के इच्छुक हो वे अपना आवेदन–पत्र अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण–पत्रो की छाया प्रति सहित दिनांक 15.12.2020 तक प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मुरादाबाद के कार्यालय में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रेषित कर सकते है ।

(लल्लू सिह)
प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, मुरादाबाद ।

प्रतिलिपि–

1. प्रभारी अधिकारी (नजारत) जनपद न्यायालय मुरादाबाद को इस आशय से प्रेषित की वह उक्त आदेश की प्रति प्रशासनिक कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर, बार एसोसिएशन जनपद न्यायालय मुरादाबाद, बार एसोसिएशन, कलेक्ट्रेट मुरादाबाद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना सुनिश्चित करे ।
2. जिला सूचना अधिकारी मुरादाबाद को स्थानीय समाचार पत्रो में निशुल्क प्रकाशन हेतु ।
3. सिस्टम अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग जनपद न्यायालय मुरादाबाद को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त आदेश की प्रतिलिपि को जनपद न्यायालय मुरादाबाद व माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करे ।

(लल्लू सिह)
प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, मुरादाबाद ।
07/11/2020

आवेदन का प्रारूप (परामर्शदाता पद हेतु)

फोटो

1. नाम आवेदक (हिन्दी में) ....

2. नाम आवेदक (अंग्रेजी में) ....

3. पिता/पति का नाम ....

4. जन्म तिथि ....

5. लिंग ....

6. वर्ग(सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति)..

7. शैक्षिक योग्यता– ....

8. अनुभव ....

9. स्थायी पता ....

....

....

....

10. पत्राचार का पता ....

....

....

....

11. मोबाइल नंबर ....

12. अन्य विवरण (यदि कोई हो)..

घोषणा–पत्र

मैं..घोषणा करता/करती हूँ कि मेरी जानकारी में उपरोक्त विवरण एवं तथ्य सभी सच व सही हैं, कुछ झूठ नही है और न ही कुछ छिपाया गया है। यदि कोई विवरण या सूचना असत्य अथवा गलत पाई जाती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी और मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति निरस्त कर दी जाये।

आवेदक के हस्ताक्षर..................................

आवेदक का वर्तमान पता ....